#HoCoCounts
2020 CENSUS

# ज़रूरी, आसान और सुरक्षित




Howard County
Executive Calvin Ball

संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए हर दस साल पर उन सभी लोगों की गणना राष्ट्रीय स्तर पर करना ज़रूरी है जो इसके प्रत्येक राज्य में रह रहे हैं (यू.एस. संविधान, अनुच्छेद 1, धारा 2)।

2020 की जनगणना का असर मैरीलैंड पर कई महत्वपूर्ण तरीकों से पड़ रहा है। जनगणना:

- इससे कांग्रेस के प्रतिनिधित्व का निर्धारण होता है और स्थानीय वैधानिक जिलों पर असर पड़ता है;
- यह महत्वपूर्ण कार्यक्रमों और सेवाओं के वित्तपोषण के लिए आधार है; और
- इससे आर्थिक विकास, स्कूल के निर्माण और परिवहन परियोजनाओं के साथ-साथ सार्वजनिक स्वास्थ्य, सार्वजनिक सुरक्षा और आपातकालीन योजना के लिए स्थानीय तौर पर निर्णय लेने में सहायता मिलती है।

## मैरीलैंड का हर निवासी मायने रखता है! 2020 के दशक की जनगणना में गिने जाएं



## जनगणना ज़रूरी है

जनगणना के आंकड़े का इस्तेमाल महिलाओं, शिशुओं और बच्चों (एसएनएपी/डब्ल्यूआईसी) हेतु पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम, मेडिकेड, बाल स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम (सीएचआईपी), और राजमार्ग और परिवहन परियोजनाओं जैसे कार्यक्रमों के लिए संघीय वित्तपोषण के स्तर को निर्धारित करने में किया जाता है।

- हर साल, संघीय सरकार जनगणना के आंकड़ों के आधार पर $675 बिलियन से ज़्यादा के वित्त का आवंटन करती है ।
- मैरीलैंड के हर निवासी को न गिने जाने से राज्य को 10 सालों में प्रति व्यक्ति लगभग $18,250 की लागत आती है – इसका मतलब यह हुआ कि राज्य को $26.6 बिलियन (यू.एस. की पुरानी जनगणना में कम लोगों के गिने जाने के आधार पर) का नुकसान होता है।

2020
CensusMaryland

**अगर आप अपनी जनगणना फॉर्म को भरते हैं, तो यह सुनिश्चित हो जाता है कि आपका संबंध मैरीलैंड के उन परिवारों, पड़ोसियों और समुदायों से है जो अपने रहने, काम करने, जीविका को चलाने और आगे बढ़ने की ज़रूरतों के लिए सहायता प्राप्त करते हैं।**





**#HoCoCounts**
**2020 CENSUS**

## जनगणना आसान है

मेल, फ़ोन और ऑनलाइन – ये तीन ऐसे तरीके हैं जिनसे आप अपनी जनगणना का फॉर्म भर सकते हैं। 2020 की जनगणना अमेरिकी इतिहास में

पहली ऑनलाइन जनगणना होगी ।

जनगणना में दिए गए जनसांख्यिकीय सवालों के जवाब देने से यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि आपके समुदाय को वित्तपोषण का उचित हिस्सा प्राप्त हो रहा है और यह कि आर्थिक विकास और नियोजन संबंधी निर्णय को 1 अप्रैल, 2020 से आपके समुदाय के लिए सटीक रूप से लागू किया जाएगा।

**याद रखने के लिए कुछ ज़रूरी बातें। न भूलें:**

- कॉलेज के विद्यार्थियों को उनके कॉलेज के पते पर, या फिर उनके कैंपस में गिना जाना चाहिए। अगर वे अपने माता-पिता के घर पर रहते हैं और वहीं सोते हैं, तो उन्हें माता-पिता के पते पर ही गिना जाना चाहिए।
- सभी बच्चों की गणना की जानी चाहिए, इसमें पाँच साल से कम उम्र वाले बच्चे भी शामिल हैं।

## जनगणना सुरक्षित है

यू.एस. जनगणना ब्यूरो के लिए सभी जानकारी गोपनीय रखना ज़रूरी है। गोपनीय जानकारी में निवासी की नागरिकता, आय और अन्य संवेदनशील व्यक्तिगत आंकड़े शामिल हैं।

- आंकड़ों को सिर्फ़ सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए एकत्र किया जाता है और व्यक्तिगत डेटा का खुलासा कभी नहीं किया जाता है।
- जनगणना की जानकारी को यू.एस. संहिता के शीर्षक 13 में वर्णित अनुसार कानून द्वारा निजी और संरक्षित रखा जाता है। इसका उल्लंघन करने पर संघीय जेल में पाँच साल की कैद और/या $250,000 के जुर्माने का प्रावधान है।

**इसलिए वह तरीका चुनें जिससे आपकी गणना की जाए – ईमेल द्वारा, फ़ोन द्वारा या ऑनलाइन के माध्यम से।**

**यह हम लोगों का रूपचित्र है जो अगले दस सालों तक हमारे साथ रहेगा, तो आइए इस रूपचित्र में हम सभी शामिल हो जाएं।**



**howardcountymd.gov/census2020**

EMAIL **census2020@howardcountymd.gov** • PHONE **410.313.6325** (VOICE/RELAY)

Calvin Ball, Howard County Executive | Jacqueline R. Scott, Director, Department of Community Resources and Services

2020 CensusMaryland